RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर I (सामान्य ज्ञान) 2025

75 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नेता कुंवरसिंह सम्बन्धित थे -

(A) जगदीशपुर ✓
(B) सतारा
(C) फैजाबाद
(D) अवध

Q.2

राष्ट्रीय आन्दोलन की निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए -
(A) पूना समझौता
(B) अगस्त प्रस्ताव
(C) मुस्लिम लीग की प्रत्यक्ष कार्यवाही
कूट -

(A) (A), (B), (C) ✓
(B) (B), (A), (C)
(C) (A), (C), (B)
(D) (B), (C), (A)

Q.3

निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार लिखिए -
(A) सिकन्दर - जिन्ना पैक्ट
(B) जिन्ना का 14 सूत्री मांग पत्र
(C) भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम
सही कूट चुनिए -

(A) (A), (C), (B)
(B) (A), (B), (C)
(C) (B), (A), (C) ✓
(D) (C), (A), (B)

Q.4

निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (अंग - आभूषण) सुमेलित नहीं है?

(A) मस्तक - बोर
(B) पैर - अनोता
(C) कान - ओगनिया
(D) कलाई - कन्दोरा ✓

Q.5

निम्न में से किस शासक की रानी सोमल देवी का सिक्कों पर नाम अंकित मिला था?

(A) विग्रहराज IV
(B) पृथ्वीराज III
(C) अजयराज ✓
(D) सोमेश्वर

Q.6

करौली प्रजामण्डल की स्थापना किसके द्वारा की गई?

(A) त्रिलोक चन्द्र माथुर ✓
(B) सागर चन्द्र मेहता
(C) बलवन्त सिंह महता
(D) खूबचन्द्र सर्राफ

Q.7

"मैंने घुटने टेक कर रोटी मांगी लेकिन उसके बजाय मुझे पत्थर मिला।"
यह कथन निम्न नेताओं में से किस एक से सम्बन्धित है?

(A) महात्मा गांधी ✓
(B) सर तेज बहादुर सप्रू
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) सुभाष चन्द्र बोस

Q.8

कर्जन वायली की हत्या करने वाले क्रान्तिकारी का नाम बताइए -

(A) मदनलाल ढींगरा ✓
(B) सुखदेव
(C) खुदीराम बोस
(D) उधम सिंह

Q.9

'नेजा' से आशय है-

(A) तेजाजी का मंदिर
(B) पाबूजी का मेला
(C) गोगाजी का भाला
(D) रामदेवजी की ध्वजा ✓

Q.10

मेवाड़ के किस शासक ने औरंगजेब की धार्मिक नीति का विरोध किया था?

(A) प्रताप सिंह
(B) अमर सिंह
(C) जयसिंह
(D) राजसिंह ✓

Q.11

निम्नांकित में से कौनसा पुरास्थल धूलकोट के नाम से भी जाना जाता है?

(A) गणेश्वर
(B) बैराठ
(C) कालीबंगा
(D) आहड़ ✓

Q.12

वायसराय की कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य नियुक्त होने वाले प्रथम भारतीय कौन थे?

(A) फिरोज़ शाह मेहता
(B) भूपेन्द्रनाथ बसु
(C) सत्येन्द्र प्रसन्न सिंह ✓
(D) तेज बहादुर सप्रू

Q.13

निम्न में से किसने नासिक में 'मित्र मेला' संस्था की स्थापना की थी?

(A) वी.डी. सावरकर ✓
(B) लोकमान्य तिलक
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) सुभाष चन्द्र बोस

Q.14

मत्स्य संघ का प्रथम राजप्रमुख किस रियासत का शासक बना?

(A) धौलपुर ✓
(B) करौली
(C) अलवर
(D) भरतपुर

Q.15

अगस्त 1942 में कांग्रेस के बम्बई अधिवेशन में 'भारत छोड़ो' का प्रस्ताव निम्न में से किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था?

(A) मौलाना आजाद
(B) के.जी. मशरूवाला
(C) जवाहरलाल नेहरू ✓
(D) बी.आर. अम्बेडकर

Q.16

निम्नांकित में से कौनसी पुस्तक/पुस्तकें सूर्यमल्ल मिश्रण द्वारा लिखी गई है/हैं? नीचे दिए गए कोड की सहायता से सही विकल्प चुनिए -
(A) वीर सतसई
(B) रामरंजाट
(C) बलवद् विलास
(D) वंश भास्कर

कूट -

(A) केवल (A), (B) और (D)
(B) केवल (D)
(C) केवल (A) और (D)
(D) (A), (B), (C) और (D) ✓

Q.17

हनुमानसिंह निम्न में से किस आन्दोलन से सम्बन्धित थे?

(A) बेगू किसान आन्दोलन
(B) बिजोलिया किसान आन्दोलन
(C) सीकर किसान आन्दोलन
(D) दूधवाखारा किसान आन्दोलन ✓

Q.18

निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने 'बेथ्यून स्कूल' (कलकत्ता) को महिला शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाया?

(A) महादेव गोविन्द रानाडे
(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(C) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ✓
(D) ज्योतिबा फुले

Q.19

निम्न में से भगतसिंह ने किस/किन संगठन/संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाई थी?

(A) नौजवान सभा
(B) हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन
(C) गदर पार्टी

सही कूट का चयन कीजिए –

(A) (A) एवं (B) ✓
(B) केवल (B)
(C) केवल (A)
(D) (B) एवं (C)

Q.20

1857 की क्रान्ति के दौरान निम्न में से किसने 'जोधपुर लीजन' में विद्रोह का नेतृत्व नहीं किया था?

(A) मोती खां
(B) शीतल प्रसाद
(C) तिलक राम
(D) ओनाड सिंह ✓

Q.21

निम्न श्रेणी का अगला पद है –

4, 4, 10, 34, 94, ...

(A) 232
(B) 162
(C) 214 ✓
(D) 124

Q.22

10.5 सेमी. के एक ठोस गोले को पिघला कर छोटे-छोटे शंकु, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 3.5 सेमी. एवं ऊँचाई 6 सेमी. हो, बनाये जाते हैं। शंकुओं की संख्या है –

(A) 60
(B) 68
(C) 63 ✓
(D) 66

Q.23

एक शंकु की ऊँचाई और तिर्यक ऊँचाई क्रमशः 21 सेमी. एवं 28 सेमी. है। शंकु का आयतन है –

(A) 7645 घन सेमी.
(B) 7546 घन सेमी. ✓
(C) 7364 घन सेमी.
(D) 7456 घन सेमी.

Q.24

निम्न बारम्बारता बंटन की माध्यिका है -

चर	2	5	7	12	10	15
बारम्बारता	5	3	12	5	7	8

(A) 7.0
(B) 9.5
(C) 10.0
(D) 8.5 ✓

Q.25

A, D की माता तथा B की बहन है। B की एक पुत्री C है, जिसकी शादी F से हुई है। E, A का पति है। E, D से किस प्रकार संबंधित है?

(A) पुत्र
(B) चाचा / मामा
(C) पिता ✓
(D) दादा / नाना

Q.26

एक मछलीघर घनाभ के आकार का है, जिसकी लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः 80 सेमी., 30 सेमी. तथा 40 सेमी. है। इसके आधार, दोनों पार्श्व फलकों एवं पश्च फलक को रंगीन कागज से ढकना है। आवश्यक रंगीन कागज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए -

(A) 11200 वर्ग सेमी.
(B) 13600 वर्ग सेमी.
(C) 8000 वर्ग सेमी. ✓
(D) 8080 वर्ग सेमी.

Q.27

द्विघात बहुपद $acx^2 + (b^2 - ac)x + 1$ के शून्यों के व्युत्क्रमों का योग है -

(A) $(b^2 - ac)$
(B) $\frac{(ac-b^2)}{a^2c^2}$
(C) $\frac{(b^2-ac)}{a^2c^2}$
(D) $(ac - b^2)$ ✓

Q.28

यदि $a = 1 + \sqrt{5} + \sqrt{7}$ तथा $b = \sqrt{5} - \sqrt{7} - 3$ हो, तो $a^2 + b^2 - 2a + 6b - 10$ का मान है -

(A) 24
(B) 4 ✓
(C) 14
(D) 10

Q.29

रैखिक समीकरण निकाय
$x + 2y = 5$
$3x + ky = 15$
के अनन्त हल हैं, यदि -

(A) $k = 5$
(B) $k = 3$
(C) $k = 6$ ✓
(D) $k = 15$

Q.30

यदि 16 प्रेक्षणों का माध्य 60 तथा अन्य 13 प्रेक्षणों का माध्य 75 हो, तो इनका संयुक्त माध्य है -

(A) 68.42
(B) 64.27
(C) 65.00
(D) 66.72 ✓

Q.31

त्रुटिरहित संधि विच्छेद है –

(A) महर्षि = मह+ऋषि
(B) मतैक्य = मत+ऐक्य ✓
(C) रामायण = राम+अयण
(D) सुषुप्ति = सु+षुप्ति

Q.32

'ल' प्रत्ययरहित शब्द है –

(A) मांसल
(B) कौशल ✓
(C) श्यामल
(D) मंजुल

Q.33

'निर्जर - निर्झर' समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का क्रमशः सही अर्थ है –

(A) लहर – झरना
(B) देवता – झरना ✓
(C) झरना – देवता
(D) देवता – पृथ्वी

Q.34

'MASTER' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –

(A) पारंगति ✓
(B) स्वामी
(C) प्रमुख
(D) निष्णात

Q.35

शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(A) पौरूषत्व
(B) पूजनीय ✓
(C) वैमनस्यता
(D) अक्षुण्य

Q.36

Choose the option for the correct form of indirect speech for the given direct speech -
"We were having fun."

(A) They told that they were being having fun.
(B) They said they have been having fun.
(C) They said they will be having fun.
(D) They said they had been having fun. ✓

Q.37

Fill in the blank with the correct option -
I have rented a ..... of rooms in a hotel.

(A) suet
(B) suit
(C) suite ✓
(D) soot

Q.38

Fill in the blank with the correct form of Tense -
I met him in New Delhi in 1990. I ..... him last, five years before.

(A) had been seen
(B) have seen
(C) had seen ✓
(D) am seeing

Q.39

Put the correct set of prepositions in the blanks of the given sentence -
The bus is ..... the bus stop. It's going ..... the city centre ..... the university.

(A) at, from, to ✓
(B) on, to, into
(C) in, on, at
(D) at, on, to

Q.40

The antonym of the word "Vigilant" is -

(A) Deficit
(B) Refined
(C) Heedless ✓
(D) Apathy

Q.41

राजस्थान बजट 2026-2027 के संदर्भ में राजस्थान के युवाओं के कौशल विकास के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है?

(A) हॉस्पिटैलिटी, आई.टी. व स्वास्थ्य सेवाओं जैसे ग्राहक केन्द्रित (कस्टमर सेन्ट्रिक) क्षेत्रों में वैश्विक अवसरों हेतु तैयार करने के लिए 1000 युवाओं को विदेशी भाषाओं (अंग्रेजी, जापानी, फ्रेंच, जर्मन एवं कोरियन) में प्रशिक्षण की सुविधा दी जाएगी।

(B) प्रत्येक जिले में इन्स्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड वोकेशनल ट्रेनिंग प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

(C) कोटा, अजमेर एवं भरतपुर में आगामी पीढ़ी की प्रौद्योगिकी से युक्त नवीन टेक्नो हब की स्थापना प्रस्तावित है।

(D) प्रत्येक तहसील में एक विद्यालय को उन्नत व्यवसायिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जाना प्रस्तावित है। ✓

Q.42

पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं तथा उनके आश्रितों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रशिक्षण की सुविधा दिए जाने के उद्देश्य से राजस्थान के किस शहर में मेजर शैतान सिंह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी?

(A) बीकानेर

(B) बाड़मेर

(C) जोधपुर ✓

(D) जैसलमेर

Q.43

भारत सरकार ने 28 फरवरी, 2026 को महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए तीन महीने का राष्ट्रव्यापी HPV टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित में से कौनसा टीका निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है?

(A) गार्डासिल-4 ✓

(B) गारासिल-9

(C) सर्वावेक

(D) सर्वैरिक्स-2

Q.44

निम्नलिखित में से किसने मार्च 2026 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया है?

(A) हंसराज गंगाराम अहीर

(B) किरण उमेश महाले

(C) डॉ. भगवान लाल साहनी

(D) साध्वी निरंजन ज्योति ✓

Q.45

निम्नलिखित में से किस स्थान पर सैनिक कल्याण मंत्री, राज्यवर्धन राठौड़, द्वारा 24 मार्च, 2026 को नवनिर्मित एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर का लोकार्पण किया गया?

(A) सांभर लेक

(B) डीडवाना ✓

(C) नवलगढ़

(D) कुचामन

Q.46

राजस्थान की निशानेबाज, अनुया प्रसाद, ने मार्च 2026 में मोहाली में हुए तृतीय राष्ट्रीय बधिर निशानेबाजी चैम्पियनशिप में निम्नलिखित स्पर्धाओं में से किसमें स्वर्ण पदक जीता?

(A) 100 मी. एयर राइफल
(B) 50 मी. एयर राइफल
(C) 5 मी. एयर पिस्टल
(D) 10 मी. एयर पिस्टल ✓

Q.47

निम्नलिखित में से 'वी, द पीपल ऑफ इंडिया: डिकोडिंग ए नेशन्स सिम्बल्स' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) जे. साई दीपक
(B) श्रीनाथ राघवन
(C) विद्युत चक्रवर्ती
(D) टी.एम. कृष्णा ✓

Q.48

मार्च 2026 में, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन (जे.जे.एम.) की अवधि को बढ़ाने की मंजूरी दी है -

(A) दिसंबर 2030 तक
(B) दिसंबर 2028 तक ✓
(C) दिसंबर 2027 तक
(D) दिसंबर 2029 तक

Q.49

निम्नलिखित में से किसे मार्च 2026 में थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है?

(A) सोफोन जाराम
(B) फिपात रचकिटप्रकर्ण
(C) अनुतिन चर्नविराकुल ✓
(D) एकनीति नितिथनप्रपास

Q.50

राजस्थान में एफ.एम.डी. नियंत्रण टीकाकरण कार्यक्रम के सातवें चरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें -
(A) अभियान का शुभारंभ राजस्थान के मुख्यमंत्री ने 16 मार्च 2026 को जयपुर में किया।
(B) कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थान के सभी जिलों में 2.32 करोड़ गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं का टीकाकरण करना है।

(A) केवल कथन (A) ही सही है
(B) कथन (A) तथा (B) दोनों सही हैं
(C) केवल कथन (B) ही सही है ✓
(D) कथन (A) तथा (B) दोनों गलत हैं

Q.51

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.52

समजातीय श्रेणी के दो क्रमिक सदस्यों के आणविक द्रव्यमानों में अंतर है -

(A) 14 u ✓
(B) 12 u
(C) 22 u
(D) 18 u

Q.53

मुँह और आँत के अस्तर में क्रमशः किस प्रकार की एपिथीलियल उत्तक पाई जाती है?

(A) स्तंभाकार एपिथीलियम और शल्की एपिथीलियम
(B) स्तंभाकार एपिथीलियम और घनाकार एपिथीलियम
(C) घनाकार एपिथीलियम और स्तंभाकार एपिथीलियम
(D) शल्की एपिथीलियम और स्तंभाकार एपिथीलियम ✓

Q.54

प्राचीन भारत में, मधुच्छिष्टविधान का उपयोग प्रमुख रूप से किया जाता था -

(A) चिकित्सा में
(B) मूर्तियाँ बनाने में ✓
(C) कालगणना में
(D) खाना पकाने में

Q.55

अभिक्रिया :

$$\begin{array}{c} text{ZnO} + \\ text{C} \\ rightarrow \\ text{Zn} + \\ text{CO} \end{array}$$

में अपचयित होने वाला पदार्थ है -

(A) C
(B) ZnO ✓
(C) CO
(D) Zn

Q.56

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एन.जी.टी.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

(i) एन.जी.टी. की प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली में है।
(ii) एन.जी.टी. की जोनल बेंच चेन्नई, पुणे, भोपाल और कोलकाता में हैं।
(iii) भारत के हर राज्य में एन.जी.टी. की एक स्थायी बेंच है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसे सही हैं?

(A) केवल (i) और (iii)
(B) सभी (i), (ii) और (iii)
(C) केवल (ii) और (iii)
(D) केवल (i) और (ii) ✓

Q.57

निम्नलिखित में से कौनसा एक (भारत के संविधान का अनुच्छेद – विषय-वस्तु) युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) 68 – उप-राष्ट्रपति के पद में रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन करने का समय और आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति की पदावधि
(B) 66 – उप-राष्ट्रपति का निर्वाचन
(C) 69 – उप-राष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान
(D) 67 – उप-राष्ट्रपति का राज्यसभा का पदेन सभापति होना ✓

Q.58

जवाहरलाल नेहरू भारत की संविधान सभा की निम्नलिखित में से कौनसी समितियों के अध्यक्ष थे?
(A) राज्य समिति
(B) संघ शक्ति समिति
(C) संघ संविधान समिति
सही उत्तर का चयन कीजिए -

(A) केवल (A) एवं (C) सही हैं
(B) केवल (A) एवं (B) सही हैं
(C) (A), (B) एवं (C) सभी सही हैं ✓
(D) केवल (B) एवं (C) सही हैं

Q.59

राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अंतर्गत, राज्य निर्वाचन आयोग के कृत्य निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी को प्रत्यायोजित किए जा सकते हैं?

(A) सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग को ✓
(B) मुख्य निर्वाचन अधिकारी को
(C) राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी भी अधिकारी को
(D) राज्य के मुख्य सचिव को

Q.60

उच्चतम न्यायालय से सलाह लेने की राष्ट्रपति की शक्ति (अनुच्छेद 143) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -
(i) अनुच्छेद 143 के अधीन निर्देश की सुनवाई करने के प्रयोजन के लिए बैठने वाले न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या पाँच होगी।
(ii) अनुच्छेद 143 के अधीन प्रत्येक प्रतिवेदन खुले न्यायालय में सुनाई गई राय के अनुसार ही दिया जाएगा, अन्यथा नहीं।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा / से सही है/ हैं?

(A) (i) और (ii) दोनों ✓
(B) केवल (i)
(C) न तो (i) और ना ही (ii)
(D) केवल (ii)

Q.61

निम्नलिखित में से कौनसा (नदी - उद्गम स्थान) युग्म सही है?

(A) साबरमती - पदरड़ा की पहाड़ी ✓
(B) लूनी - बैराठ की पहाड़ियाँ
(C) कोठारी - बड़ी सादड़ी
(D) माही - देवास

Q.62

भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा जिला समूह सर्वाधिक वनावरण (वर्ग किमी. में) रखता है?

(A) उदयपुर - अलवर ✓
(B) अलवर - भरतपुर
(C) बाँसवाड़ा - कोटा
(D) कोटा - झालावाड़

Q.63

निम्नलिखित में से कौनसा टंगस्टन खनन के लिए जाना जाता है?

(A) सागवाड़ा
(B) डेगाना ✓
(C) ऋषभदेव
(D) मानपुरा

Q.64

जनगणना-2011 के अनुसार, किस जिला युग्म में बाल लिंगानुपात (0-6 वर्ष) 930 से अधिक है?

(A) प्रतापगढ़ - बाँसवाड़ा ✓
(B) जालौर - सिरोही
(C) कोटा - बूंदी
(D) बाँसवाड़ा - डूंगरपुर

Q.65

व्लादीमिर कोपन के द्वारा वर्गीकृत जलवायु के संकेतक 'BWhw' के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसे जिलों का समूह आता है?

(A) डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर
(B) सवाई माधोपुर, डीग, अलवर
(C) झालावाड़, चित्तौड़गढ़, उदयपुर
(D) जैसलमेर, हनुमानगढ़, बीकानेर ✓

Q.66

राजस्थान के निम्नांकित किन जिलों में 'लाल लोमी' मृदा पाई जाती है?

(A) जयपुर-दौसा
(B) उदयपुर-कोटा
(C) भीलवाड़ा-अजमेर
(D) बांसवाड़ा-डूंगरपुर ✓

Q.67

गागरोन किला कहाँ पर स्थित है?

निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) झालावाड़ ✓
(B) अलवर
(C) करौली
(D) भरतपुर

Q.68

अमर सागर पवन ऊर्जा परियोजना जिस जिले में स्थित है , वह है ?

(A) जोधपुर
(B) बीकानेर
(C) बाड़मेर
(D) जैसलमेर ✓

Q.69

कृषि सांख्यिकी 2022-23 के अनुसार, राजस्थान में सर्वाधिक जौ उत्पादित करने वाला जिला था -

(A) जयपुर ✓
(B) उदयपुर
(C) भरतपुर
(D) जोधपुर

Q.70

निम्नलिखित चोटियों/पहाड़ियों पर विचार कीजिए -
(A) सिरावास
(B) बाबई
(C) लीलागढ़
(D) जरगा

उपर्युक्त में से कितनी दक्षिण अरावली में अवस्थित है/हैं?

(A) केवल दो ✓
(B) केवल एक
(C) केवल तीन
(D) सभी चार

Q.71

राजस्थान में 31 मार्च, 2024 तक निम्नलिखित में से किस प्रकार की सड़क की लम्बाई सर्वाधिक है?

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग
(B) गाँव की सड़कें ✓
(C) जिला राजमार्ग
(D) राज्य राजमार्ग

Q.72

2011 में राजस्थान की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का प्रतिशत कितना था ?

(A) 16.9%
(B) 17.5%
(C) 17.8% ✓
(D) 17.2%

Q.73

राजस्थान के दक्षिणतम बिन्दु से कर्क रेखा के मध्य अक्षांशीय अंतर है -

(A) 00°27′ ✓
(B) 00°23′
(C) 01°27′
(D) 00°47′

Q.74

निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्थान में भेड़ की नस्ल नहीं है-

(A) मगरा
(B) पूंगल
(C) मारवाड़ी
(D) मालवी ✓

Q.75

निम्नलिखित में से किस स्थान पर, अशोक लीलैण्ड की चेसिस एसेम्बली इकाई अवस्थित है?

(A) अलवर ✓
(B) जोधपुर
(C) जयपुर
(D) कोटा



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in